दिन–गुरूवार दिनांक– 11 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस से पूर्व प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ नीति आयोग में बैठक कर रहे हैं। बैठक में वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी. के. मिश्र, प्रमुख अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ मौजूद हैं। संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई को शुरू हो रहा है और तेईस जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस मामले की सुनवाई इस महीने की अठारह तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पार्टियों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने में सक्षम बनाने के लिए स्थगन दिया। शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट–यूजी दो हजार चौबीस मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इनमें पांच मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं। कल प्रस्तुत एक हलफनामे में, केंद्र ने कहा कि, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी मद्रास से नीट–यूजी के परिणामों के व्यापक डेटा के विश्लेषण का अनुरोध किया था।

———————————————————————————

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आयुर्विज्ञान कॉलेजों में परिवर्तित किए गए वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता मिलनी जारी रहेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस मामले में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र लिखा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल एक सौ संतावन आयुर्विज्ञान कॉलेजों में से एक सौ आठ कॉलेज पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि जिला अस्पतालों को उन्नत करने और सशक्त बनाकर नए आयुर्विज्ञान कॉलेज खोलने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना से वित्तीय सहायता दिया जाता है। इसकी शुरूआत दो हजार चौदह में की गई थी।

———————————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती महानंदा और परमान नदी समेत कई अन्य नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से पचासी सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में लाल निशान से नीचे आ गया है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से नवासी सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से छिसासठ सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है।

———————————————————————————————

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून के एक बार फिर से सक्रिय होने के आसार हैं। अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा और सुपौल सहित राज्य के उत्तरी भागों के कुछ जिले में भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी भागों के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के बहादुरगंज में सबसे अधिक एक सौ बारह मीलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। सुपौल के त्रीवेणीगंज में एक सौ दो मिलीमीटर बारिश हुई है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।